**Editorial**

# Intolerance circumstances

The situation which the BSNL employees are facing is totally intolerable. It may be told that for the workers not a such dark days have been seen in past.

The well recruited employees by the union Govt. after getting a solid commitment for their job security, financial viability of the company and guarantee of Govt. pension as per existing pension rules for other Central Govt. though a slight insertion of permission for the DOT employees who are to be transferred in a PSU.

About 3.75 lakh employees executives and non-executives opted after getting the commitment of protection as workers opted gladly to work in Bharat Sanchar Nigam Limited which was converted into a PSU by closing Department of Telecom operation and Telecom services.

The beginning of the company was glittering in all the way. The workers made their all efforts to full fill the desire of the Govt. in Telecom sector by completing the task of Telecom policy of 1999 for which the company was formed as told by the then Govt. in centre.

The company touched the peak of the target assigned it by the Govt.

The entry of Private Telecom operators were permitted before the corporatization of DTO and DTS. In the name to provide level playing in the Telecom sector the Govt. Dept. of DTO and DTS was converted into a Corporation name by Bharat Sanchar Nigam Limited.

The Company was started its working from 1st October 2000 and upto 2002 the BSNL was not permitted to enter in mobile services. Though the intervention of Court the company entered in mobile area and upto 2005 it become the largest mobile service connectivity provider in the country.

It is known to all and it is in record of the Govt. that the company earned a profit of more then 10500 crore in 2004-05 and it running in profit upto 2007-08. Though the company was in profit upto 2007-08, but the political attack was started against the company as well as its employees from 2006, the first attack from Govt. side was on pension of Employees. As per the commitment and agreement of this union Govt and staff unions that the full pension for the combined service of DOT period and BSNL will be paid to the employees on their retirement on superannuation, but the union Govt in centre though a cabinet decision circulated a presidential order on 15-06-2006 that the 60% of the pension of BSNL retired employees will be paid by the Govt. Rest of the 40% has to be paid by the BSNL company. NFTE sensed this ugly and anti agreement and anti commitment of the Govt and raised voice against this cruel act of the Govt but it is fact that others were propagating against the view of NFTE (BSNL) and it was told by some of the leader in these period that NFTE creating confusion among the workers. There is no problem in payment of pension after retirement, but the eyes were opened to all when differences of 78.2% IDA and 68.8% was paid to the serving employees in June 2013 and it was much delayed for the retirees and the expenditure dept. of Finance Ministry on the raised issue to fulfill 40% of the pension from BSNL.

All wake up and united struggle took place including two days strike in April 2015, but untimely the Prime Minister office took cognizance on the letter of NFTE written to Hon'ble Prime Minster in January 2016 and the full pension for combined services was restored though a Cabinet approval of union Govt. on 5th July, 2016.

The cruel act of the earlier Govt. was removed but the other critical situation came one by one before the employees.

**(1) Stagnation –** The BSNL absorbed employees started facing stagnation form 2012 and till this time more than 60% absorbed employees are facing stagnation. This is a very painful situation for these employees who are working years together without increase of a single paisa in their salary.

**(2)** The 3rd wage revision become due from 01-01-2017, but till today no clarity regarding wage revision has come. Right from 2018 committee was constituted and meetings took place. Even scales Were decided and agreed by all the members of official as well as staff side but that agreed scales were not sent to the DOT for approval. Again the meeting of the wage revision committee started from January 2022 and the last meeting held on 2nd December, 2022 but due to adamant attitude of the management there is no progress towards settlement. To break the adamant attitude of the management a joint forum of all the non-executive unions/associations have been formed and one day lunch hour demonstration has been conducted for settlement of the three demands including wage revision. The stalemate is still continuing.

**(3) New promotion policy:-** The NEPP which has created a lot of confusion has lost its value for the financial upgradation of employees. Now the workers from all sections wants a new promotion policy at per with the executive employees but on this issue the management is maintaining silence and no progress on this issue is seen.

**(4) Promotion through LICE –** Due to unilateral and arbitrary implementation of restructuring and man power distribution there is no vacancies in any promotional Cadre in the Telecom Circles of BSNL in the country. All eligible candidates are suffering and their future carrier in deep dark.

**(5)** Ban on compassionate ground appointment was imposed by the BSNL management for three years upto March, 2022, but it has been extended by the BSNL management for indefinite period.

**(6)** Superannuation benefits to Direct recruited BSNL employees despite regular struggle to complete 30% for the social security for the direct recruited employees has not been settled till this time.

All together it is crystal clear that the life and carrier of the BSNL employees of both category absorbed/direct recruited are in deep dark and intolerable.

The unions and associations should have to take a proper and honest consideration of the situation to bring out the workers from this critical and intolerable circumstances by applying a new vision to evolve some mechanism in the back ground of trade union experiences to get rid of from the deep darkness and intolerable circumstances.

The NFTE as its tradition is always ready to be unite with any section for the purpose of the working class.

**NFTE Zindabad —**

**Workers Unity Zindabad**

**संपादकीय**

# असहनीय परिस्थितियां

बीएसएनएल में कार्यरत कर्मचारी असहनीय स्थिति का सामना कर रहे हैं ऐसा कहा जा सकता है कि पूर्व में ऐसी विषम परिस्थिति का सामना नहीं करना पड़ा है भारत सरकार की नियमां के अनुकुल दूरसंचार, विभाग में भर्ती किये गये कर्मचारियों ने, सरकार द्वारा नौकरी की पूर्ण सुरक्षा, बनने वाले लोक उपक्रम की आर्थिक जीवंतता एवं सरकार के पेंशन संबंधी नियमों में आंशिक संशोधन के साथ भारत संचार निगम में सामाजन के पश्चात सरकारी पेंशन की पूर्ण गारंटी का सरकार की प्रतिबद्धता के पश्चात् दुरसंचार प्रचालन एवं दूरसंचार सेवा के कर्मचारियों ने नव–निर्मित भारत संचार निगम में समाहित होने का विकल्प दिया था।

प्रारंभ में भारत संचार निगम लिमिटेड जो एक लोक उपक्रम के रूप में प्रचालन आरंभ किया बड़े ही चमक–दमक के साथ अग्रसर हुई। कर्मचारियों ने पूर्ण निष्ठा के साथ सरकार को दूरसंचार नीति 1999 के दायित्वों का पूर्ण रूप से पालन किये तथा सरकार की इच्छा के अनुरूप दिये गये लक्ष्य को हासिल किया। सरकार ने दूरसंचार सेवा को निगमित करने के पीछे यही लक्ष्य रखा था। दूरसंचार विभाग को निगमित करने से पूर्व ही सरकार की नीतियों के तहत दूरसंचार क्षेत्र में निजी कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा चुकी थी और सामान्य प्रतिस्पर्धा के स्तर पर जनता को दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के नाम पर सरकारी विभाग को निगम में परिवर्तित किया गया तथा कर्मचारियों को उनके विकल्प पर नयी कंपनी में समाहित किया गया।

नवसृजित लोक उपक्रम भारत संचार निगम लिमिटेड ने 1 अक्तूबर 2000 से कार्य आरंभ किया। इससे समाहित तत्कालीन 3.75 लाख कर्मचारियों के निष्ठा एवं उत्साहपूर्ण कार्य के चलते कंपनी ने 2004–05 तक 10,500 करोड़ रूपये का मुनाफा अर्जित किया तथा यह क्रम आगे भी जारी रहा। सन् 2006 में कर्मचारियों के साथ तत्कालीन केंद्र सरकार ने पहला अघात किया एवं केंद्रीय मंत्री परिषद के एक निर्णय के आलोक में 15 जून 2006 को एक परिपत्र के द्वारा यह निर्णय दिया गया कि बीएसएनएल में समाहित कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पश्चात् सरकारी कोष से पेंशन का 60% ही भुगतान किया जायेगा शेष 40% राशि बीएसएनएल द्वारा पूरी करनी होगी।

उक्त काल में एनएफटीई (बीएसएनएल) मान्यता में नहीं थी परंतु इसके जागरूक नेतृत्व ने कर्मचारियों के विरूद्ध किये गये कार्रवाई की घोर भर्त्सना करते हुए राष्ट्रीय पैमाने पर इस निर्णय का विरोध किया। उन दिनों अन्य संगठनों के नेता एनएफटीई द्वारा पेंशन के खतरे के प्रति उठाये गये आवाज को मजाक उड़ाते रहे और कहते रहे कि पेंशन भुगतान पर कोई खतरा नहीं है। सभी लोगों की आंखें तब खुली जब जून 2013 में वेतन निर्धारण में 72.2% औद्योगिक महंगाई भत्ते के सवाल 68.8 के सामंजन के साथ निर्धारित वेतन मान को गलत बताते हुए 9.4% के विसंगति के भुगतान की मांग कई संघर्षो के पश्चात सरकार ने मान ली थी। कार्यरत कर्मचारियों के वेतन में 9.4% की बढ़ोतरी दे दी गई परंतु सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए अति विलंब हुआ। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने यह सवाल उठाया कि जून 2006 के फैसले के अनुरूप बीएसएनएल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए 9.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी देने में 40% रकम बीएसएनएल को देना होगा। सभी संगठनों के नेताओं की आंख तब खुली ओर गोलबंदी तथा संघर्ष की शुरूआत हुई। पूर्ण पेंशन का भुगतान सरकारी कोष से करने हेतु सभी यूनियन एवं एसोसिएशन ने दिनांक 14 एवं 15 अप्रैल 2015 से दो दिनों की संपूर्ण हड़ताल भी की। जनवरी 2016 में एनएफटीई ने माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार को सितंबर 2000 के समझौते की पृष्ठभूमि के विस्तृत वर्णन के साथ पेंशन की पूर्णता के लिए

एक विस्तृत पत्र लिखा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने उक्त पत्र का संज्ञान लिया तथा दूरसंचार विभाग को कार्रवाई करने हेतु अग्रसरित किया। इस प्रकार 5 जुलाई 2016 को मंत्री परिषद के निर्णय के द्वारा बीएसएनएल कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति पर उनके संयुक्त सेवाकाल के लिए केंद्र सरकार की पेंशन अधिनियम के अनुरूप संपूर्ण पेंशन सरकारी कोष से देने की अधिसूचना जारी की गई।

इस प्रकार 2006 में तत्कालीन केंद्रीय सरकार द्वारा लिये गये कर्मचारी विरोधी कठोर फैसले को जुलाई 2016 में समाप्त की गई और कर्मचारियों को केंद्रीय सरकार के कोष से पेंशन का भुगतान की गारंटी फिर से बहाल हुई। इधर सन 2008 के बाद से कंपनी के राजस्व में लगातार गिरावट आने लगी थी और 1.1.2017 से कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण का सवाल फिर सामने आया। कर्मचारियों के सामने आज चारों तरफ से अंधकार की झिस्थति है क्योंकि इनके समक्ष कई ज्वलंत सवाल खड़े हो चुके हैं।

**1. स्टैगनेशन** – वर्तमान में कंपनी में लगभग 18000 ऐसे कर्मचारी है जो डीओटी मे भर्ती किये गये थे और बीएसएनएल में समाहित किये गये हैं। ऐसे कर्मचारियों में लगभग 60 प्रतिशत कर्मचारी स्टैगनेशन का सामना कर रहे हैं। यह अत्यंत ही पीड़ादायक स्थिति है।

**2. वेतन पुनरीक्षण**– द्वितीय वेतन पुनरीक्षण 1.1.2007 से लागू हुई है। तृतीय वेतन पुनरीक्षण 1.1.2017 से लागू होना है। इस संबंध में समिति का गठन हुआ और बैठके होती रही हैं। गत बैठक 2 दिसंबर 2022 को हुई है उसके बाद से रूकावट जारी है। प्रबंधन वेतन पुनरीक्षण के लिए अंतःकरण से तैयार नहीं है। इस संबंध में लगातार संघर्ष किये गये हैं।

**3. नयी पदोन्नति नीति**–नान एक्जीक्युटिव प्रमोशन पॉलिसी की प्रासंगिकता समाप्त हो चुकी है। यह पदोन्नति नीति स्टैगनेशन की जननी है। समस्त कर्मचारी एक्जीक्युटिव कर्मचारियों की तरह नयी पदोन्नति नीति सृजन करने की मांग कर रहे हैं। एनएफटीई लगातार इस मांग को उठा रहे हैं, पर प्रबंधन चुप्पी साधे बैठी है।

**4. परीक्षाओं द्वारा पदोन्नति**– वीआरएस के उपरांत प्रबधंन ने रिस्ट्रक्चरिंग तथा मानवशक्ति वितरण के नाम पर एकतरफा तथा निरंकुश कार्रवाही के तहत समस्त रिक्त पदों को समाप्त कर दिया है। पूरे राष्ट्रीय पैमाने पर आधे सर्किलों में किसी भी पद पर परीक्षाएं आयोजित नहीं की जा रही हैं। पूर्ण रूप से भविष्य अंधकारमय बना दिया है।

**5. अनुकंपा आधारित भर्ती** – अनुकंपा आधारित भर्ती पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**6. नये भर्ती कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा**– नये भर्ती कर्मियों के सामाजिक सुरक्षा हेतु 30 प्रतिशत की राशि अभी तक नहीं दी जा रही है।

कुल मिलाकर स्थिति अति दर्दनाक एवं अहसनीय हो चुकी है। इस स्थिति से कर्मचारियों को बाहर लाने के लिए सभी संगठनों को आपसी एकता सृजन करते हुए एक नई चेतना जागृत करनी है।

एनएफटीई अपनी परंपरा के अनुकुल सदैव अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार हैं।

**एनएफटीई जिंदाबाद, कर्मचारी एकता जिंदाबाद**